दिनांक 06.03.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

एकीकृत आजीविका अभियान के तहत अयोजित शिविर में 365 लोगों ने कौशल उन्नयन के लिए कराया पंजीयन

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान के आदेशानुसार आज 03 मार्च 2018 को सेक्टर – 06 जोन कार्यालय क्रमांक 05 में एक दिसवीय शिविर का आयोजन किया गया एकीकृत आजीविका अभियान के तहत आयोजित इस शिविर में विभिन्न आजीविका उन्नयन से संबंधित विभाग एवं योजनाओं की जानकारी दी गई।

नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा जोनवार एकीकृत आजीविका शिविर लगाया जा रहा है। सेक्टर – 06 जोन कार्यालय 05 में आयोजित शिविर में दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के मिशन प्रबंधक, सामुदायिक संगठिकाएँ एवं कौशल प्रशिक्षण प्रदाता संस्थाए उपस्थित रहें, एवं लोगों को कार्यक्रम की जानकारी दी। शिविर में नये आधार कार्ड बनाने हेतु आवेदन भी लिए गये।

आजीविका मिशन अन्तर्गत संचालित शहरी आजीविका केन्द्र के अलावा मानव कौशल विकास केन्द्र, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अंश एजुकेशन, बी.डी.एस कॉलेज, अर्चना कौशल विकास केन्द्र, श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिग, आई.आई.सी.ई कलिंगा, फास्ट ट्रेक कम्प्यूटर्स, रस्तोगी कॉलेज, हिमांशु इन्फ्रोटेक, मीरा फाउन्डेशन, दिनेश कोचिंग, एब्लेज़ इंस्टीट्यूट, पी.जी कॉलेज ऑफ नर्सिग, फास्टट्रेक कम्प्यूटर, हैण्ड शेकिंग फाउन्डेशन, कम्प्यूटेक एज्युकेशनल सोशल वेलफेयर सोसायटी, कौशल प्रशिक्षण प्रदाताओं ने अपने स्टॉल लगाकर हितग्राहियों को संचालित विषयों के बारे में जानकारी देकर उनका पंजीयन किया।

शिविर में 365 लोगों ने कौशल प्रशिक्षण लेने के लिए विभिन्न विषयों जैसे नर्सिग, कम्प्यूटर एवं डीटीपी, नेटवर्किग एवं हार्डवेयर, ड्राइविगं, ब्यूटी थैरेपी, हेयर स्टायलिंग, मोबाईल रिपेयरिंग एवं इलेक्ट्रीशियन में पंजीयन कराया।

अगला शिविर जोन 06 रिसाली पानी टंकी में 9 मार्च को सुबह 10 बजे वार्ड 40 से 45 एवं 58 से 63 तक शिविर का आयोजन किया जायेगा।

जन सम्पर्क अधिकारी